कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–मा/माध्य/अ–4/संकाय–विषय/परिवर्तन/2020–21/125 दिनांक : 18/01/2023

जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्यालय)–माध्यमिक,
सवाई माधोपुर।

विषयः राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दौलतपुरा, ब्लॉक–खण्डार, जिला–सवाई माधोपुर में विज्ञान संकाय के स्थान पर कला संकाय परिवर्तन किए जाने के संबंध में।

प्रसंगः राज्य सरकार का पत्र क्रमांक प. 4(3) शिक्षा–1/2022 जयपुर, दिनांक 06.01.2023

उपर्युक्त विषयान्तर्गत राज्य सरकार के प्रासंगिक स्वीकृति आदेश क्रमांक : प. 4(3) शिक्षा–1/2022 जयपुर, दिनांक 06.01.2023 की पालना में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दौलतपुरा, ब्लॉक–खण्डार, जिला–सवाई माधोपुर (UDISE CODE-08100410102) में पूर्व में संचालित विज्ञान संकाय के स्थान पर कला संकाय सत्र : 2022–23 से संचालित करने की स्वीकृति निम्नांकित शर्तों के अधीन एतद् द्वारा प्रदान की जाती है :–

शर्तें:–

1. कला संकाय का संचालन सत्र 2022–23 में सुविधानुसार कक्षा–11 एवं 12 का एक साथ किया जा सकता है।
2. पूर्व में स्वीकृत संकाय में सत्र : 2022–23 में कक्षा 11 व 12 में विद्यार्थियों का नामांकन नहीं हो अथवा कक्षा 11 व 12 में सत्र : 2022–23 में पूर्व स्वीकृत संकाय में विद्यार्थी अध्ययनरत हों, तो उन्हें निकटस्थ विद्यालय में प्रवेश दिलवाया जाना सुनिश्चित करावें।
3. संकाय परिवर्तन किए जाने के पश्चात् पदों का आवंटन स्टाफिंग पैटर्न के अनुसार निदेशालय माध्यमिक शिक्षा बीकानेर स्तर पर किया जायेगा एवं शाला दर्पण पर उपरोक्तानुसार संकाय परिवर्तन अपलोड किया जाना भी सुनिश्चित किया जाएगा।
4. नवीन कला संकाय के तीन विषयों के प्रस्ताव एसडीएमसी से पारित प्रस्ताव के आधार पर तत्काल इस कार्यालय को प्रेषित करावें।

Rajasthan Education Department

(गौरव अग्रवाल)
आई.ए.एस
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :

1. निजी सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा मंत्री महोदय, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्यमंत्री महोदया, राजस्थान सरकार, जयपुर
4. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
5. राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
6. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर।
7. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग, जयपुर।
8. सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर।
9. वित्तीय सलाहकार/संयुक्त निदेशक (कार्मिक)/उप निदेशक (योजना/सांख्यिकी) कार्यालय हाजा।
10. संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, भरतपुर।
11. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान, सवाई माधोपुर।
12. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा अभियान, ब्लॉक–खण्डार, सवाई माधोपुर।
13. उपनिदेशक शाला दर्पण प्रकोष्ठ, जयपुर को शाला दर्पण पोर्टल पर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
14. अनुभाग अधिकारी संस्थापन–एबी/सी/एफ/बजट/कम्प्यूटर/आदर्श वि./शाला दर्पण।
15. माध्यमिक अनुभाग के प्रभाग अ–1 को पदों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु।
16. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
17. शैक्षिक प्रकोष्ठ अधिकारी, अनुभाग हाजा।
18. रक्षित पत्रावली।

Signature valid
Digitally signed by G... av Agrawal
Designation : Direc...
Date: 2023.0... 8 ... :42:59 IST
Reason: Appro...

...निदेशक(माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

RajKaj Ref No. : 3045241